## तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश, मौसम में घुली ठंडक

# 30 तक जारी रहेगा बेमौसम बारिश का दौर

सच संवाददाता || शाजापुर

मई माह के पहले सप्ताह के बाद शुरू हुआ बेमौसम बारिश का दौर अब भी जारी है, जिसने गर्मी की सारी तपिश को मौसम से गायब कर दिया है। बीच-बीच में जरूर गर्मी का एहसास हो रहा है, लेकिन उसके बाद हो रही बारिश गर्मी से राहत दे रही है। शनिवार को भी सुबह उमस व गर्मी से बेहाल हो रहे नगरवासियों को शाम को तेज आंधी के साथ हुई बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी। मौसम विभाग की माने तो आज से शुरू होने वाली रोहिणी भी बारिश की भेंट चढ़ने की संभावना है।

इसके पहले सुबह से आसमान पर कभी बादल छा रहे थे तो कभी तेज धूप से लोगों का बुरा हाल हो रहा था। शाम 4 बजे तक मौसम के यही हाल थे। इसके बाद मोसम बदला और तेज आंधी चलने लगी जिससे



हाईवे पर चल रहे वाहन चालकों को अपनी रफ्तार पर ब्रेक लगाना पडे। जिसके साथ ही तेज बारिश भी शुरू हो गई। जिससे सड़कों पर पानी बह निकला। इसके बाद बारिश तो थम गई, लेकिन गर्मी से तप रहे लोगों को राहत जरूर मिल गई। 25 मई से रोहिणी प्रारंभ होगी जो 2 जून तक जारी रहेगी। इस दौरान अमूमन तापमान 45 डिग्री से अधिक ही रहता है, लेकिन मौसम के मौजूदा हालात को देखते हुए रोहिणी की तपन का असर नगरवासियों पर नहीं होगा। मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि रविवार को नवतपा का पहला दिन रहेगा और इस दिन भी बारिश की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि 28 से 31 मई तक भी तेज बारिश की संभावना है।

### समय से पहले आएगा मानसून

इस वर्ष मानसून के समय से पहले आने की उम्मीद है। अनुमान है कि 18 से 20 जून के बीच जिले में मानसून दस्तक दे सकता है। शनिवार को अधिकतम तापमान 38.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री सेल्सियस रहा। दक्षिणी-पश्चिमी दिशा से 13 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति से हवाएं चलती रही। वहीं रोहिणी (नवतपा) में हो रही बारिश का असर भी मानसून पर नहीं होगा और इस बार मानसून सामान्य रहने की संभावना है। इसके अलावा जून माह में भी गर्मी का असर कम रहेगा।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयास रंग लाए, किसानों को मिली 2763 मीट्रिक टन डीएपी खाद

**शिवपुरी**-केंद्रीय दूर संचार एवं पूर्वोत्तर राज्य विकास मंत्री श्रीमंत महाराजा ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा शिवपुरी जिले के सभी अन्नदाताओं की परेशानी को ध्यान में रखते हुए की छ्क्क खाद की व्यवस्था करवा दी है। जिससे सभी किसान भाइयों में खुशी की लहर है द्य एक बार फिर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य ने परिवार के मुखिया होने का फर्ज निभाते हुए शिवपुरी जिले के अन्नदाताओं की समस्या का निवारण किया। जैसे ही शिवपुरी के रेलवे स्टेशन पर खाद की रैक पहुंची तो शिवपुरी भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव, मंडल अध्यक्ष विपुल जैमिनी, सिंधिया जन संपर्क कार्यालय सह प्रभारी कपिल भार्गव मौके पर पहुंच गए जिन्होंने खाद की जानकारी ली। जिला अध्यक्ष भाजपा जसवंत जाटव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से ट्रेन नंबर 33325 से आज आईपीएल डीएपी खाद की 2763 मैट्रिक टन खाद शिवपुरी स्टेशन पहुंची है जिसमें से मार्कफेड संस्था को 1150 मीट्रिक टन खाद मिलेगी जिसमें से 35 सोसाइटी को 875 मीट्रिक टन खाद तथा निजी संस्थाओं से 350 मीट्रिक टन खाद का वितरण होगा।

## सच संक्षेप

### ट्रक के पीछे घुसी वैन, आगरा-मुंबई हाईवे पर फिर हुआ हादसा

**शाजापुर।** जिले के सुनेरा थाना क्षेत्र से निकले आगरा-मुंबई नेशनल हाईवे पर शुक्रवार देर रात एक वैन ट्रक में जा घुसी। पनवाड़ी स्थित जिओ पेट्रोल पंप के सामने यह घटना रात करीब 11 बजे हुई। इस हादसे में सारंगपुर निवासी 19 वर्षीय इस्लाम पिता साकिर खान अपनी मारुति वैन से रोजाना की तरह पनवाड़ी दूध लेने जा रहा था। सारंगपुर से शाजापुर की ओर जाते समय उसकी वैन आगे चल रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। उकावता चौकी प्रभारी रमेश यादव ने बताया कि हादसे में वैन चालक इस्लाम घायल हो गया। 108 एंबुलेंस की मदद से उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया। ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को उकावता चौकी में खड़ा करा दिया है और फरार चालक की तलाश कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 100 से पायलट संजीव सूर्यवंशी और हेड कांस्टेबल ओमवीर सिंह जाट मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### जिला अस्पताल के डॉ. अनुराग दंडोतिया को हटाकर भेजा मनपुरा

**शिवपुरी।** जिला अस्पताल शिवपुरी में मरीज के अटेंडर और डाक्टर के बीच हुए कथित विवाद के बाद सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर सीएमएचओ शिवपुरी ने संविदा चिकित्सक डॉ अनुराग दंडोतिया को जिला अस्पताल से हटाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनपुरा में कार्य करने आदेशित किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर ने प्रेस को जारी जानकारी में बताया कि जिला अस्पताल शिवपुरी में डाक्टर और मरीज के अटेंडर के बीच हुई कथित मारपीट की घटना एवं 108 पर की गई शिकायत की जानकारी मिलते ही सिविल सर्जन डॉ बीएल यादव को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश जारी किए गए जिस पर सिविल सर्जन के प्रतिवेदन क्र640 दिनांक 23 मई 2025 के आधार पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ अनुराग दंडौतिया को हटाकर मनपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में कार्य करने के लिए आदेशित किया गया है। इसके अतिरिक्त मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को भी पत्राचार किया गया है जहां से प्राप्त निर्देशों के आधार पर आगामी कार्यवाही संधारित की जावेगी।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की प्रदेश की कमान पृथ्वीराज सिंह जादौन संभालेंगे

**शिवपुरी।** पूज्य गुरूजी रघुवीर सिंह गौर के आदेशानुसार युवा राष्ट्रीय सचिव पृथ्वी सिंह चौहान की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हरवंश सिंह पूर्व सांसद के अनुमोदन उपरान्त वरिष्ठ राष्ट्रीय महासचिव राघवेन्द्र सिंह राजू द्वारा पृथ्वीराज सिंह जादौन ठिकाना पोहरी को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा मध्यप्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नामित किया गया है। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह राठौड़ की अस्वस्थता के कारण प्रदेश में संगठन को गति प्रदान करने हेतु प्रदेश की कमान पृथ्वीराज सिंह जादौन को सौपी गयी है। उनके मनोनयन पर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने अपना समर्थन प्रदान किया है। पृथ्वीराज सिंह वर्तमान में शिवपुरी भारतीय जनता पार्टी के जिला महासचिव है, अपने मनोनयन पर पृथ्वीराज ने कहा कि प्रदेश में क्षत्रिय समाज को संगठित कर संगठन को मजबूत करने का पूरा प्रयास करेंगे। पृथ्वीराज सिंह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष नामित होने पर समाज के लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गयी है। समाज के किशन सिंह तोमर, अनेक सिंह बघेल, संजय सिंह तोमर, संतोष सिंह वैस नरवर, गोपाल सिंह खनियांधाना, महेन्द्र सिंह दाऊ कोलारस, लोकेन्द्र सिंह तोमर बैराड, भरत सिंह तोमर वेसी, राकेश सिंह राजावत कोलारस, चतुर सिंह सेंगर, शिवप्रताप सिंह कुशवाह, भजन सिंह वैस, रविन्द्र सिंह सेंगर, कुलदीप सिंह तोमर आदि लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

### समाज को संगठित करने के साथ सशक्त और मजबूत करना मुख्य उद्देश्य

**शिवपुरी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (मध्य भारत) जिला इकाई, शिवपुरी के जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र श्रीवास्तव जी का आकस्मिक निधन होने के कारण, जिला इकाई शिवपुरी से प्राप्त जिला कार्यकारिणी पुर्नगठन प्रस्ताव पर, प्रदेश अध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव द्वारा अनुशंसा किए जाने एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वास कैलाश सारंग (केबिनेट मंत्री म.प्र. शासन) द्वारा अनुमोदन उपरांत जिला इकाई शिवपुरी में जिलाध्यक्ष पद पर अनुराग बहादुर अष्ठाना, रामस्वरुप श्रीवास्तव जिला कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव का मनोनयन किया गया है, इनकी नियुक्ति पर कायस्थ जनों ने खुशी जाहिर की है। जिलाध्यक्ष का पद संभालते हुए नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अनुराग बहादुर अष्ठाना ने कहा कि सबसे बुद्धिजीवी समाज को संगठित करना एक चुनौती है, अपने पूरे कार्यकाल में समाज को संगठित करने के साथ सशक्त और मजबूत करने का प्रयास करूंगा।

## सफाई के साथ मच्छरों की रोकथाम के लिए फागिंग मशीन से छिड़काव कार्य जारी

**कटनी।** नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गों की सुचारू सफाई व्यवस्था के साथ ही नागरिकों को ग्रीष्म काल में मच्छरों से निजात दिलाने हेतु महापौर प्रीति संजीव सूरी और निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान प्रारंभ किया जाकर रोजाना विभिन्न वार्डों में धुआं करने की कार्यवाही की जा रही है। स्वास्थ अधिकारी नगर निगम संजय सोनी ने बताया कि नगर में संचारी रोग के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे फागिंग अभियान के तहत विगत रात्रि फागिंग मशीन के माध्यम से उपनगरीय क्षेत्र माधव नगर के विभिन्न वार्डो की मुख्य एवं अन्य रहवासी गलियों में मच्छरों की रोकथाम हेतु रासायनिक धुंआ का छिड़काव कराया गया।अभियान के दौरान नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाव हेतु अपने घरों के आसपास पर्याप्त साफ सफाई रखने के साथ ही पानी का भराव न होने देने संबंधी जानकारी प्रदान कर बचाव हेतु जागरूक किया जा रहा है।

### 100 फीसदी रिजल्ट देने वाले 6 हाई व एक हासे स्कूल के प्राचार्यों को जेडी ने किया सम्मानित

**शिवपुरी।** जिन स्कूलों का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा है उनका कार्य प्रशंसनीय है, वहीं जिन स्कूलों के परीक्षा परिणाम में पिछले वर्ष की तुलना में बढ़ोत्तरी हुई है उन्हें प्रेरित होकर अगले साल 100 फीसदी परीक्षा परिणाम लाने का प्रयास करना चाहिए। यदि प्रयास पूरे मनोयोग से सभी शिक्षक मिलकर करें तो यह लक्ष्य असंभव नहीं हैं। यह बात संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा ग्वालियर संभाग दीपक कुमार पाण्डेय ने शनिवार को शिवपुरी में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान प्राचार्यों को संबोधित करते हुए कही। पाण्डेय ने हाल ही में घोषित 12 वी और 10 वी के बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा की। जिले में 6 सरकारी हाईस्कूलों और एक हायर सेकेण्डरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 फीसदी रहा। इन स्कूलों के प्राचार्यों व आरएमएसए के एपीसी को जेडी ने शॉल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा भी की और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी समर सिंह राठौड़, शिवपुरी बीईओ मनोज निगम, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य विवेक श्रीवास्तव, जिला सांख्यिकीय अधिकारी वत्सराज सिंह राठौड़, उमावि क्र. 2 की प्राचार्य अर्चना शर्मा सहित जिलेभर के बीईओ व संकुल प्राचार्य मौजूद रहे।

## थाली बजाकर सिहोरा जिला का वादा याद दिलाया

सच संवाददाता || कटनी/सिहोरा




विधायक के बाद शंख,घंटा और थाली बजाते हुए सिहोरा वासी भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल के घर पहुंचे।यहां प्रदर्शन कारियों ने विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा द्वारा सिहोरा जिला के वादे को याद दिलाने वाले नारे लगाए।लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने घोषणा की कि अब कल 26 मई को भाजपा जिला महामंत्री के घर प्रदर्शन किया जाएगा। जिला बोलकर वोट ले लिया,स्मृति ईरानी कौन है,प्रह्लाद पटेल कौन हैं, शिवराज सिंह कौन है,संतोष बरकड़े कौन है जैसे नारे लगाकर मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल को आड़े हाथों लिया।समिति ने कहा कि बड़े नेताओं के चुनावी वादे क्या केवल सिहोरा सीट जीतने का हथकंडा था।यदि नही तो घोषणा के गवाह सारे जनप्रतिनिधियों को सरकार के समक्ष जिला का दावा पेश करना चाहिए।

**जल्द करेंगे जिला का दावा :** मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल ने प्रदर्शनकारियों को वचन दिया कि विधायक संतोष बरकड़े सहित पूरी भाजपा ने सिहोरा जिला के लिए आगे निर्णायक कदम उठाने का निर्णय ले लिया है,अगले तीन चार दिनों में विधायक की अगुवाई में पहल की जावेगी।

**दूसरे चरण में जिला एवं प्रांत में प्रदर्शन :** लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने घोषणा की कि स्थानीय नेताओं के घर प्रदर्शन के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण में भाजपा संभागीय कार्यालय जबलपुर एवं प्रांतीय कार्यालय भोपाल के समक्ष शंख,घंटा और थाली बजा सिहोरा जिला के अधिकार की मांग की जावे। प्रदर्शन में समिति के विकास दुबे,अनिल जैन,मोहन सोंधिया,अनिल खंपरिया, कृष्णकुमार कुररिया,आशीष भार्गव,प्रदीप दुबे,संजय पाठक,संतोष वर्मा,संतोष पांडे,रामजी शुक्ला,कंचन सेठ,रवि दुबे,चेतराम विश्वकर्मा,सानू गौतम,श्रेयांश जैन सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस ने डेढ़ लाख से अधिक कीमत का मादक पदार्थ पकड़ा

सच संवाददाता || बनखेड़ी

पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से डेढ़ लाख से अधिक कीमत का 17 किलो से अधिक मात्रा का मादक पदार्थ गांजा पकड़ने में सफलता हासिल की। एसआई मनमोहन सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना प्रभारी सुधाकर बारसकर के आदेश पर रेलवे स्टेशन स्थित दुर्गा मंदिर के पास शुक्रवार देर रात में मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम ने करीब 17.500 ग्राम किलो मादक पदार्थ गांजा लेजाते पकड़ा। जिसकी बाजार कीमत करीब 1 लाख 70 हजार रुपए की अंकी है। पकड़े गए आरोपियों में सुधीश पिता रामकिशोर कुशवाहा 28 वर्ष ग्राम चंद्रवाड़ा, डोलारिया, आदित्य पिता जितेंद्र दामाडे 31 वर्ष न्यू याड इटारसी, पवन पिता हरगोविंद सेन 27, आकाश उर्फ दीपेश पिता हेमराज यादव 19 वर्ष दोनों चांदोन निवासी सहित सभी चारों आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट 8/20 के तहत मामला दर्ज कर शनिवार को आरोपियों को विशेष (एनडीपीएस) में पेश किए गए जहां से जेल भेज दिया।

### बेसासनी मंदिर में शनि जन्मोत्सव

**बैतूल.** बैतूल गंज स्थित बेसासनी माता मंदिर में आगामी 27 मई को शनि देवता का जन्मोत्सव महोत्सव से मनाया जाएगा। बेसासनी मंदिर के संस्थापक एवं मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने बताया कि इस दिन दोपहर 12 बजे शनि देवता का विशेष पूजन किया जाएगा। जिसके बाद 1008 में उनके विशेष दर्शन से घर स्थापित किया गया और शाम 7 बजे पु, सब्जी, ढोली, एवं दाल-चावल का भोग लगाया गया।

## लायंस क्लब सिलवानी प्रिंस ने लिया महासंकल्प




सच संवाददाता || सिलवानी

लायंस क्लब सिलवानी प्रिंस के तहत एक प्रकल्प और जोड़ा गया। क्लब के अध्यक्ष सचिन समैया ने बताया कि भीषण गर्मी में गौवंश पानी के लिए इधर-उधर ना भटके, सार्वजनिक स्थानों पर पानी के लिए सीमेंट के 21बर्तन बनवाकर रखवाए गए। क्लब के सदस्य सदैव समाज सेवा के लिए अग्रणी रहते हैं। नगर वासियों ने इस सेवा प्रकल्प की प्रशंसा करते हुए आश्वासन दिया कि वह भी इस तरह के सामाजिक सेवा कार्यों में भागीदारी करेंगे।

इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष सचिन समैया प्रिंस, पुनीत समैया, सचिव प्रशांत जैन, कोषाध्यक्ष सिद्धांत जैन, अखिलेश बजाज संजय जैन मोहिनी, सौरभ समैया, स्वप्निल तिवारी, संस्कार जैन, नीरज रघुवंशी आदि उपस्थित रहे।

### एफआईआर न होने पर भड़के परिजन, थाने के सामने किया प्रदर्शन


**शाजापुर।** नगर में सड़क निर्माण के दौरान एक बाल श्रमिक की मौत के मामले में पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज न करने से नाराज परिजनों ने कोतवाली थाने के सामने प्रदर्शन किया। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे परिजनों ने शहरी हाईवे पर थाने के बैरिकेड्स को सड़क पर रखकर ट्रैफिक बाधित कर दिया। मृतक हरीश पिता मानसिंह डांसी रोड पर प्रधानमंत्री सड़क निर्माण कार्य में काम कर रहा था। मृतक के चाचा लखन यादव ने कहा कि उसकी मौत लोहे की प्लेट गिरने से हुई, न कि सीमेंट की बोरियों से। ठेकेदार मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। परिजनों का आरोप है कि प्रभावशाली ठेकेदार को बचाने के लिए पुलिस ने घटना के 24 घंटे बाद भी मामला दर्ज नहीं किया। कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि परिजनों को कथन के लिए बुलाया गया था। करीब 15-20 मिनट के प्रदर्शन के बाद पुलिस की समझाइश पर परिजन थाना परिसर में आए। पुलिस ने आश्वासन दिया कि बयान दर्ज होने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। शुक्रवार दोपहर में निर्माण कार्य के दौरान हरीश मजदूरी का काम कर रहा था। तभी उस पर सीमेंट की थैलियां गिर गईं। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और हंगामा किया। कोतवाली थाना प्रभारी संतोषसिंह वाघेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम किया था। इसी को लेकर शनिवार को परिजनों ने एफआईआर दर्ज न होने को लेकर प्रदर्शन किया।

## कभी भी किसी रूप में आकर नारायण मिल जाएंगे : ब्रजबिलासदास

सच संवाददाता || शाजापुर

भगवान से बड़ा उनका नाम होता है। जिसे जपने भर से जाने-अंजाने में किए गए पापों से मुक्ति मिल जाती है। इसलिए कभी भी किसी भी स्थिति में रहो नारायण का नाम जपा करो। पता नहीं कब किस रूप में हमें उनके दर्शन हो जाएं।

यह बात वृंदावन धाम से आए कथावाचक संत बिलासदास महाराज ने एबी रोड स्थित कौटिल्य एज्यूकेशन में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन कथा का वाचन करते हुए कही। संत श्री ने कहा कि यह कलयुग है। यहां हर किसी को अपने स्वार्थ से मतलब है। ऐसे



में लोग भगवान को भी याद नहीं रखते। जबकि भगवान हमेशा अपने भक्तों के साथ रहते हैं। उन्हें केवल आपके भाव से मतलब है। आप कितने ही संपत्तिवान, धनवान या बड़े पद पर बैठे हों। उनके सामने सिर्फ और सिर्फ उनके भक्त बनकर जाओ। वे बड़ी से बड़ी विपदा को पल में दूर करते हैं। उन्होंने एक कथा का वाचन करते हुए बताया कि अंत समय में एक व्यक्ति जिसने जीवन भर पाप किए थे। लेकिन अंत समय में उसके मुख से नारायण का नाम निकल गया। तब यमदूत और ईश्वर के दूतों में उसे बचाने और ले जाने को लेकर बहस हुई। अंत में वह मोक्ष को प्राप्त हुआ।

### जमकर झूमे श्रद्धालु

संत ब्रजबिलासदास महाराज द्वारा कथा के बीच-बीच में संगीतमय भजनों की प्रस्तुति भी दी गई। जिनकी सुमधुर धुन पर कथा स्थल में उपस्थित श्रद्धालू जमकर झूमे।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त ढाबों, होटल एवं सार्वजनिक स्थानों की चेकिंग की गई

**शिवपुरी**-पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश मे अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों पर कार्यवाही करने हेतु माह मे एक बार आवश्यक रुप से जिले के ज्यादा से ज्यादा बल के साथ रात्रि में कॉम्बिंग गस्त अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देशों के पालन मे पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले के सभी एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को दिनांक 23-24 की रात्री में कॉम्बिंग गस्त कर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा कॉम्बिंग गस्त की मोनीटरिंग की गयी है। बीती रात्री पुलिस द्वारा अपने-अपने अनुभाग एवं थाना स्तर पर मुहीम चलाकर कॉम्बिंग गस्त आयोजित की गई। जिसके तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशन में जिले में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु जिले के सभी थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारी सहित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा थाना क्षेत्र में गुण्डे/बदमाशों, असामाजिक तत्वों पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए कॉम्बिंग गस्त की गई जिसकी पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। रात्रि गस्त के दौरान शिवपुरी पुलिस के द्वारा 66 गिरफ्तारी बारंट एवं 31 स्थाई बारंट तामील कराये गये।

### युवा मोबाइल की सीमित दुनिया से बाहर निकलें और खेल के मैदान में उतरें: एसपी

**बैतूल।** पुलिस परेड ग्राउंड में डीसीसी द्वारा जिला स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल का रोमांच से भरा मुकाबला आयोजित किया गया, जिसमें फ्लाइंग स्टार टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। फाइनल मैच में फ्लाइंग स्टार ने नवाब को हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश पुलिस कैप्टन निश्चल झारिया ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और खिलाड़ियों को निर्देश, प्रदर्शन और उत्कृष्ट खेल के लिए बधाई दी। उन्होंने युवाओं को प्रेरित किया और कहा कि वे मोबाइल की सीमित दुनिया से बाहर निकलें, खेल के मैदानों में उतरें, जहां से सामान, नेतृत्व और जीत की असली शुरुआत होती है। मंच पर डीएसओ पूजा कुरील, सेवानिवृत्त फौजी अशोक रघुवंशी, बैटल टॉक्स से साहिल बिल्डर, साइबर सेल से दीपेंद्र सिंह और वरिष्ठ खिलाड़ी योगेश पाटणकर, रवि पांडाग्रे और योग वट्टी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## अंधी हत्या का आष्टा पुलिस ने किया पर्दाफाश

सच संवाददाता || आष्टा

अंधे हत्या का आष्टा पुलिस ने पर्दाफाश किया, आरोपी ने मृतक की चाकु से कि निर्मम हत्या, घटना के उपरांत मृतक के शव को बोरे में भरकर पत्थर से बांधकर कुए में फेंका घटना का खुलासा आज आष्टा थाने में सीहोर एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने किया इस दौरान एसडीओपी आकाश अमलकर ,थाना प्रभारी गिरीश दुबे सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।

ग्राम भवरा के पास खेत पर बने कुए में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश तैर रही है। सूचना पर आष्टा एव ईछावर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जहा बाल मुकुन्द परमार के कुए में एक व्यक्ति का शव बोरी में भरा हुआ विकृत अवस्था में तैर रहा था। मृतक का शव बोरी में भरा हुआ एव कमर मे एक रस्सी से बड़ा पत्थर बन्धा हुआ था। उपस्थित ग्रामीण दीपक कोरकु के द्वारा मृतक की पहचान इछावर निवासी बृजलाल कोरकु पिता



बलराम कोरकु उम्र 22 साल निवासी हरसपुर के रूप में की गई। मृतक का शव बोरी में बन्धे होने एव कई दिनो दिनो से पानी में रहने के कारण काफी छतविच्छित अवस्था में हो गई थी। मृत्यु का वास्तविक कारण जानने हेतु मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये गांन्धी मेडीकल कॉलेज भोपाल भेजा गया। शव की अवस्था से प्रथम दृष्टया मामला हत्या कर साक्ष्य छुपाने का पाये जाने पर अज्ञात के विरूध्द थाना आष्टा में अपराध क्र 253/25 धारा 103 (1)/ 238 बीएनएस का कायम कर अनुसंधान में लिया गया। पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक सुनिता रावत एवं अनु. वि. अधिकारी पुलिस श्री आकाश अमलकर के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी आष्टा गिरीश दुबे के नेत्रत्व में थाना आष्टा पुलिस की विभिन्न टीमे बनाई गई। आष्टा पुलिस की टीम द्वारा मृतक के परिजनो सहित ग्रामिणो से गहन पुछताछ की गई एव पुलिस द्वारा मुखबिर तन्त्र को सक्रिय कर हत्या के सम्बन्ध में पतारसी किया गया। जांच के दौरान आष्टा पुलिस को हत्या के सम्बन्ध एक महत्वपुर्ण तथ्य में प्राप्त हुआ की मृतक बृजलाल का ग्राम कुडीखाल निवासी एक लड़की से प्रेस प्रसन्ग था। घटना के कुछ दिन पूर्व प्रेमिका के पिता लखन कोरकु पिता गोपाल सिह कोरकु उम्र 40 निवासी कुन्डीखाल एव मृतक बृजलाल का विवाद हुआ था।

## विधायक देवेंद्र जैन के पास पहुंचे वार्ड 26 के रहवासी, कहा बिजली चालू करवा दो

**शिवपुरी।** शिवपुरी क्षेत्र के तहत आने वाली पुरानी शिवपुरी में स्टेडियम के सामने वाली कॉलोनी में कई दिनों से अंधेरा पड़ा हुआ है। बताया जाता है कि जिस कॉलोनाइजर ने यहा॰ कॉलोनी काटी उसने लाइट की व्यवस्था नहीं की। अभी तक यहां के रहवासी अस्थाई कनेक्शन से लाइट जला रहे थे लेकिन बिजली विभाग ने यहां की लाइट काट दी है और कुछ लोगों के घरों पर चालान बनाकर भी भेज दिए हैं। आज इसी समस्या को लेकर कॉलोनी के रहवासी विधायक देवेंद्र जैन से मिलने पहुंचे यहां विधायक ने उनकी समस्या को विस्तार से सुना और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर व कॉलोनाइजर से बात कर 10 दिन के अंदर बिजली उपलब्ध कराने की बात कही।

वार्ड क्रमांक 26 स्टेडियम के सामने वाली कॉलोनी के रहवासी राजू कुशवाहा, फरजाना, जरीना, सोहेल खान, मकबूल, आलोक कुशवाहा आदि आज विधायक देवेंद्र जैन के जहां पहुंचे और उन्होंने बताया कि कॉलोनी में जब प्लॉट खरीदे थे तब कॉलोनाइजर सत्येंद्र सेंगर ने बिजली, पानी, सड़क की व्यवस्था किए जाने की बात कही थी लेकिन कॉलोनी बस जाने के बाद अभी तक यहां पर ना तो लाइट, ना पानी ना सड़क की व्यवस्था करवाई गई है। जैसे तैसे कॉलोनी वासियों ने अस्थाई कनेक्शन लेकर लाइट चालू करवा ली थी लेकिन उसको भी बिजली विभाग द्वारा काट दिया और चालन बनाकर भेज दिए। बिजली न होने से रहवासी परेशान है, बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं और कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक देवेंद्र जैन लोगों की समस्या को सुना और तुरंत ही बिजली विभाग को फोन लगाकर संबंधित अधिकारी से बातचीत की यहां बताया गया कि कॉलोनी में डीपी लगाने का एस्टीमेट पास हो चुका है लापरवाही कॉलोनाइजर की तरफ से की जा रही है।